**Title: Re: Need to improve healthcare facilities in AIIMS, Bhopal, Madhya Pradesh.**

**श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा)** : देश के बड़े चिकित्सालय में से एक मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान चिकित्सालय (एम्स) है, जिसमें भोपाल शहर एवं आस- पास क्षेत्र के मरीज यहाँ पर उपचार कराने आते है। प्रायः देखा गया है, कि चिकित्सालय में ओ. पी. डी. के मरीजों की संख्या प्रति दिन बढ़ती जा रही है, ऑनलाइन पंजीयन सुविधा व्यवस्थित नहीं होने से मरीजों को परामर्श हेतु पंजीयन की लंबी कतारों में लगना पड़ता है। सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं अन्य सहयोगी डॉक्टर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध ना होने के कारण चिकित्सालय की जांच मशीनों को चलाने हेतु तकनीकी स्टाफ की कमी है एवं चिकित्सालय में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ पर्याप्त नहीं है। इन कारणों से मरीजों को चिकित्सालय में उपचार कराने में असुविधा हो रही है एवं मरीजों का उपचार पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है। मैं माननीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि भोपाल (म.प्र.) में ि थित एम्स चिकित्सालय की सभी समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराने का कष्ट करेंगे जिससे क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के उपचार की सुविधा बेहतर हो सके।